हाईस्कूल परीक्षा सत्र : 2021-22

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र - कक्षा-10

विषय – सामाजिक विज्ञान

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 70**

नोट: प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश:

1- यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नये पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाये।

2- प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

3- प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं-बहुविकल्पीय प्रश्न, अतिलघुउत्तरीय प्रश्न, लघुउत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

4- 'क' तथा 'ख' खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

5- दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लियेमानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड 'क' में प्रश्न संख्या-14 तथा खण्ड 'ख' में प्रश्न संख्या-28 के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

खण्ड-'क'
(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश: निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये।

1- 'बेल्जियम मॉडल' की मुख्य विशेषता क्या है? 1

(क) सत्ता में सभी जातीय समूहों की साझेदारी
(ख) सत्ता में कुछ गिने चुने लोगों की साझेदारी
(ग) सत्ता में सभी धर्म के लोगों की साझेदारी
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2- महात्मा गाँधी ने किस घटना के कारण असहयोग आन्दोलन स्थगित कर दिया था? 1

(क) रॉलेट एक्ट
(ख) जलियाँवाला बाग हत्याकांड

(ग) खिलाफत आन्दोलन (घ) चौरी चौरा कांड

3- 1861 में संयुक्त इटली का शासक कौन बना? 1

(क) विक्टर इमैनुएल (ख) विस्मार्क

(ग) विक्टर इमैनुएल-II (घ) काबूर

4- 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक की रचना किसने की थी? 1

(क) पं० जवाहर लाल नेहरू (ख) रवीन्द्र नाथ टैगोर

(ग) महात्मा गाँधी (घ) बाल गंगाधर तिलक

5- जर्मनी का एकीकरण किस युद्ध के बाद पूरा हुआ? 1

(क) ऑस्ट्रिया-प्रशा युद्ध द्वारा (ख) फ्रांस-प्रशा युद्ध द्वारा

(ग) फ्रांस-ऑस्ट्रिया युद्ध द्वारा (घ) इनमें से कोई नहीं।

6- भाषाओं को भारतीय संविधान की किस अनुसूची में रखा गया है- 1

(क) सातवीं (ख) दसवीं

(ग) आठवीं (घ) नौवीं

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

7- गाँधी जी द्वारा चलाए गए दो सत्याग्रह आन्दोलनों का उल्लेख कीजिए। 1+1

8- लोकतांत्रिक शासन क्यों लोकप्रिय माना जाता है? दो कारण लिखिए। 1+1

9- भारत की उत्तरी-पूर्वी सीमा पर स्थित दो लोकतांत्रिक देशों का नाम लिखिए। 1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10- मरीआन और जर्मेनिया कौन थीं? उनको चित्रित करने का क्या उद्देश्य था? 1+1+1

अथवा

रॉलेट एक्ट क्या था? गाँधी जी ने इस एक्ट का विरोध किस प्रकार किया? 1½+1½

11- वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था की तीन चुनौतियों का उल्लेख कीजिए। 1+1+1

अथवा

'लोकतंत्र में उत्तरदायी शासन एवं पारदर्शिता आवश्यक है।' इसके पक्ष में अपना मत स्पष्ट कीजिए। 3

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12- अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक विनमयों में तीन तरह की गतियों या प्रवाहों की उल्लेख कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि हेतु उपयुक्त उदाहरण भी दें। 2+2+2

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध के बाद आयी आर्थिक महामंदी का क्या कारण था? किन्हीं दो 2+2+2

https://www.evidyarthi.in/

प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

13- सत्ता की साझेदारी का क्या अर्थ है? यह क्यों आवश्यक है? किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। 2+2+1+1

अथवा

संघवाद का क्या अर्थ है? संघीय प्रणाली की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 1½+1½+1½+1½

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

14- निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा-मानचित्रों में (•) चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइये। सही नाम व सही अंकन हेतु ½, ½ अंक निर्धारित है।

(क) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। ½+½

(ख) वह स्थान जहाँ से गाँधी जी ने नमक बनाना प्रारम्भ किया। ½+½

(ग) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने आन्दोलन किया। ½+½

(घ) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया। ½+½

(ड़) वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½

14 (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में) 1

निर्देश :- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

i) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड किस स्थान पर हुआ? 1

ii) गाँधी जी ने नमक बनाना किस स्थान से प्रारम्भ किया? 1

iii) नील की खेती करने वाले किसानों ने किस स्थान से आंदोलन प्रारम्भ किया? 1

iv) सूती मिल श्रमिकों ने कहाँ सत्याग्रह किया? 1

v) दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन किस स्थान हुआ? 1

<u>खण्ड 'ख'</u>

<u>बहुविक्ल्पीय प्रश्न</u>

15. निम्नलिखित में से किस प्रान्त में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है- 1

क) पंजाब ख) हरियाणा

ग) उत्तर प्रदेश घ) उत्तराखण्ड

16. निम्न में से कौन-सी रबी फसल है? 1

क) दालें ख) मोटे आनाज

ग) चना घ) कपास

17. झारखण्ड में स्थित कोडरमा निम्नलिखित में से किस खनिज का अग्रणी उत्पादक है- 1

क) बॉक्साइट ख) अभ्रक

ग) लौह अयस्क घ) तांबा

18. इनमें से किस राज्य में काली मृदा मुख्य रूप में पाई जाती है- 1

क) गुजरात ख) राजस्थान

ग) महाराष्ट्र घ) झारखण्ड

19. मानव विकास सूचकांक (HDI) में भारत का स्थान कितना है? 1

क) 120 वाँ ख) 130 वाँ

ग) 180 वाँ घ) 190 वाँ

20. भारत आय की दृष्टि से कैसा राष्ट्र है? 1

क) उच्च आय वर्ग वाला ख) मध्य आय वर्ग वाला

ग) निम्न आय वर्ग वाला घ) इनमें से कोई नहीं।

<u>अतिलघु उत्तरीय प्रश्न</u>

21. जैव और अजैव संसाधन का कोई दो अन्तर लिखिये। 1+1
22. सकल घरेलू उत्पाद क्या है? 2
23. प्रछन्न बेरोजगारी का कोई अन्य नाम लिखें। 2

<u>लघु उत्तरीय प्रश्न</u>

24. आग्नेय तथा कायांतरित चट्टानों में खनिजों का निर्माण किस प्रकार होता है? 3

अथवा

किसी एक पेय फसल का नाम लिखिए। उसको उगाने के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों का विवरण लिखिए। 1+2

25. भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रकों के नाम लिखिये व प्रत्येक का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 3

अथवा

वैश्वीकरण क्या है? संक्षिप्त परिचय दीजिए। 3

<u>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न</u>

26. अन्तर्राष्ट्रीय बाजार किसे कहते हैं? इसकी पाँच विषेशताओं को लिखिये। 1+5

अथवा

परिवहन के साधन कितने प्रकार के होते हैं? स्थल परिवहन में सड़क परिवहन को कितने भागों में बांटा जा सकता है। किसी दो का वर्णन कीजिये। 2+2+2

27. भारत में उपभोक्ता को समर्थ बनाने के लिए सरकार द्वारा किन कानूनी मापदण्डों को लागू करना चाहिए। 6

अथवा

"वैश्वीकरण का प्रभाव एक समान नहीं है।" इस कथन की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए। 6

https://www.evidyarthi.in/

28. <u>मानचित्र कार्य</u>

निर्देश : दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये-

(i) पश्चिम बंगाल का एक उद्यान ▨ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(ii) नर्मदा नदी पर बने बांध ⬬ चिह्न द्वारा नामसहित। ½+½

(iii) महानदी ⌒ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(iv) झारखण्ड का एक कोयला क्षेत्र △ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(v) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक पत्तन ▭ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

28. (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) पश्चिम बंगाल का एक उद्यान नाम लिखिए। 1

(ii) नर्मदा नदी पर बने बांध का नाम लिखिए। 1

(iii) उत्तर भारत की एक नदी का नाम लिखिए। 1

(iv) झारखण्ड के एक कोयला खान का नाम लिखिए। 1

(v) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक पत्तन का नाम लिखिए। 1